प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जारी करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त, करीब साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाले जायेंगे दो–दो हजार रुपये।
2. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा आज पांच बड़े चुनावी संकल्प जारी करेगी, पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे रांची।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से केंद्र सरकार के वृक्षारोपण अभियान– एक पेड़ मां के नाम से जुड़ने का किया आह्वान।
4. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का झारखंड में दिख रहा है असर, मौसम विभाग ने आज और कल रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की। और,
5. सात साल बाद फिर देखने को मिलेगा हॉकी इंडिया लीग का रोमांच, आधे से ज्यादा मैच रांची में खेले जायेंगे, 13 अक्तूबर से होगी खिलाड़ियों की नीलामी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त की राशि पूरे देश के किसानों के खाते में डालेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि डालेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में शीघ्र पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित किये जाएंगे और मेड इन इंडिया चिप पूरी दुनिया में उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में कोटिल्य आर्थिक सम्मेलन में यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि भारत मोबाइल फोन के आयातक से निर्माता बन रहा है। भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है। यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है।

****

राज्य में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुट गयी है। इस सिलसिले में आज पार्टी की ओर से संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अन्य पार्टी नेताओं के अलावा भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी रांची पहुंच गये हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी की ओर से आज पांच बड़े संकल्प जारी किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 25 और तीसरे चरण में 150 संकल्प जारी किये जायेंगे।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में श्री सरमा ने कहा है राज्य के कुछ अधिकारी सरकार के पक्ष में राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है चुनाव आयोग ऐसे अधिकारियों को चुनाव कार्य से दूर रखेगा।

****

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपा की नैतिकता पर सवाल उठाये हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा को जनता से वादे करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हमारा कर्तव्य है कि हम इन चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव प्रयास

करें। राजस्थान के आबू रोड में एक कार्यक्रम में उन्होंने देशवासियों से केन्द्र सरकार के वृक्षारोपरण अभियान–एक पेड मां के नाम से जुड़ने का आह्वान किया।

****

साहिबगंज जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मत्स्य जीवी किसानों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत कई जिलों में गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

****

सात साल बाद फिर से भारतीय हॉकी प्रेमियों को हॉकी इंडिया लीग, एचआईएल का रोमांच देखने को मिलेगा। पुरुषों के साथ ही पहली बार महिलाओं की लीग भी होगी। रांची की पुरुष टीम भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। रांची टीम को फ्रेंचाइजी मिल गयी है। प्रतियोगिता के सारे मैच रांची और राउरकेला में खेले जायेंगे। लीग के मुकाबले 28 दिसंबर से शुरु होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्तूबर तक दिल्ली में होगी।

****

राज्य सरकार ने 21 खेलों में पदक जीतने वाले झारखंड के 539 खिलाड़ियों को चार करोड़ 32 लाख रुपये का कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया है। रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य के खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आर्चरी में दीपिका कुमारी और अंकिता भकत को सात–सात लाख रुपये का चेक दिया। इसके अलावा कई अन्य खिलाड़ियों को भी नगद राशि प्रदान की गयी।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर के उद्घाटन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है–2 दशमलव 25 किलोमीटर की दूरी 5 मिनट में पूरी होगी, 20 मिनट बचेंगे।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–रांची को मिला पहला फ्लाई ओवर।

प्रभात खबर के शब्द हैं–रांची में राज्य का पहला फ्लाइ ओवर चालू, सीएम ने दी 31 परियोजनाओं की सौगात।
दैनिक जागरण ने लिखा है–नवरात्र पर मिला उपहार, खुल गया कांटाटोली फ्लाईओवर।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–शहर की यातायात व्यवस्था सुगम करना राज्य सरकार की प्राथमिकता।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के पाकिस्तान दौरे की खबर को सुर्खी बनायी है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने तिरुपति लड्डू मामले की जांच के लिए स्वतंत्र एसआइटी गठित करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****